**एक नजर में**

## रेडक्रॉस हॉस्पिटल में 53 से ज्यादा युवाओं ने किया रक्तदान




**महू.** रेडक्रास हॉस्पिटल में नगर की सामाजिक संस्थाओं सामाजिक विचार मंच, रोटरी क्लब, सेवा धरा फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट, अशोक मोबाइल गैलरी, अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन, वामा क्लब, सेवा भारती, पत्रकार संघ और महिला संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इसमें मातृ शक्ति और युवा शक्ति ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया. 53 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया. सभी रक्तवीरों को मोती की माला पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. युवा शक्ति में विभु जायसवाल, श्रेया जायसवाल, भास्कर शर्मा, राशि गर्ग, तुषार अग्रवाल, हितेश कुमावत, यश जोशी, प्रखर तायल, भव्य अग्रवाल, शिवम गुप्ता, जयेश अग्रवाल, निमिष अग्रवाल, तुषार गोयल आदि ने रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने के इस कार्य में सराहनीय सहयोग किया. 152 बार रक्तदान करने वाले रक्तमित्र दीपक विभाकर नाईक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे. विशेष अतिथि के रूप में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश सिंगारे, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार रामलाल प्रजापति, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. अनिमेष श्रीवास्तव, पत्रकार संघ अध्यक्ष विजय खंडेलवाल, किशनगंज थाने के एसआई संजय साठे, महू थाने के एसआई दीपक राठौर, समाजसेवी शीला बंसल, अधिवक्ता मनीष जायसवाल, डॉ. एच आर वर्मा उपस्थित रहे.

## 1100 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ संकल्प का भव्य आयोजन



**महू.** श्री रामा सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति (रामादल) के संस्थापक और अध्यक्ष लोकेश शर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दू शक्ति को संघठित करने के उद्देश्य से वार्ड 3 स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में 1100 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया. विशेष अतिथि के रूप में श्री चक्की वाले महादेव मंदिर के महंत कैलाशचंद्र शर्मा, अभा ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल, जिला संघ चालक अनिल सोलंकी, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाब राजोरा, कोतवाल मंदिर के मुख्य पुजारी मुन्नालाल शर्मा, सतीश अग्रवाल, बाबूलाल मिठौरा, मन्नू चौहान, राजेश अग्रवाल, भवानी शंकर शुक्ला, चुन्नीलाल बरोरे आदि उपस्थित हुए. श्री हनुमान चालीसा पाठ को अपने विशेष स्वर लहरियों में बांधने में चक्की वाले महादेव मंदिर मंडल से राकेश चौहान, पवन गुप्ता एवं अंकित विक्की परदेशी का विशेष सहयोग रहा. हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया गया. इसमें बड़ी संख्या में सनातनी महिला एवं पुरुष शामिल हुए. आयोजन को सफल बनाने में रामादल के कार्यकर्ता व समाजजनों का सराहनीय सहयोग रहा. इसमें प्रेस क्लब अध्यक्ष राधे कौशल, अनिल खंडेलवाल, कपिल बरोरे, पंकज शुक्ला, अधिवक्ता विशाल नीम, पत्रकार बृजेश अमोनिया, सुमित जोशी, महेंद्र सिंघल, श्रीकृष्ण संदल, कपिल अग्रवाल, अंकित धनोलिया, शरद तिवारी, रितेश कौशल, विनय चौहान, दीपक नीम, कपिल संदल, संजय मिट्ठल, आनंद मिठौरा, कपिल अमोनिया आदि शामिल हैं. संचालन अधिवक्ता प्रथमेश कौशल ने किया. आभार युवा समाजसेवी जयपाल ने व्यक्त किया.

## कोर्ट से पुलिस अभिरक्षा में आरोपी फरार

**इंदौर.** जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को एक आरोपी पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया. जमानत आवेदन खारिज होने के बाद उसे जेल भेजा जाना था, इसी दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला. मामला एमजी रोड थाना क्षेत्र का है. पुलिस के मुताबिक राजकुमार पिता सज्जन सिंह मालवीय, निवासी राजीव आवास विहार को कोर्ट नंबर 14 में पेश किया था. सुनवाई के बाद न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका निरस्त करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए. आदेश सुनते ही आरोपी ने मौका देखते हुए पुलिस की पकड़ से खुद को छुड़ाया और कोर्ट परिसर से फरार हो गया. घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई. वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल आसपास तलाश शुरू की, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका. बाद में पुलिस की ओर से न्यायालय में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर घटना की जानकारी दी गई. बताया गया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 493, 494 और 323 के एक मामले में प्रकरण दर्ज है, जिसमें उसे पेशी पर लाय गया था. फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग की जा रही है.

## 50 हजार के 3 किलो गांजा के साथ आरोपी धराया



**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में हॉटस्पॉट चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को लगभग तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है. शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भंवरकुआं पुलिस टीम हॉटस्पॉट और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान आरटीओ मेन रोड स्थित सरदार कॉलोनी के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा. संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध गांजा बरामद हुआ. जांच में इसकी मात्रा 2 किलो 916 ग्राम पाई गई, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपए आंकी गई. पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सुनील सोलंकी (30) निवासी शिवदर्शन नगर, मूसाखेड़ी बताया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस अब उससे पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह गांजा कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने वाला था.

## कार के अंदर चला रहे थे आईपीएल का सट्टा, 5 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 3 मोबाइल फोन और एक कार जब्त की गई है. पुलिस को सूचना मिली थी कि डी मार्ट के पास गुलमोहर कॉलोनी मेन रोड पर कुछ लोग कार में बैठकर मोबाइल के जरिए आईपीएल मैच पर सट्टा चला रहे हैं. सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, जहां एक कार में बैठे तीन संदिग्ध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ड्रीम एक्सचेंज के माध्यम से सट्टा संचालित करते मिले. तलाशी में उनके पास से 3 मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनमें सट्टे से जुड़े एप, आईडी और लेनदेन का रिकॉर्ड मिला है, पुलिस ने मौके से कार भी जब्त कर ली है. तीनों आरोपियों के खिलाफ लसूड़िया थाने में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अनुराग और करण ने उन्हें बैंक खाते उपलब्ध कराए थे।







# गौ सम्मान अभियान में 12 हजार हस्ताक्षरों वाला सौंपा ज्ञापन

**धार।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत दिए गए हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र धार संपूर्ण देश में संत समाज और गौ भक्तों द्वारा चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत धार में भी 12 हजार हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम धार तहसीलदार को सौंपे गए। इस दौरान संतों के सानिध्य में गौ भक्त और मातृशक्ति मौजूद रहीं।

जानकारी अनुसार ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि संपूर्ण देश में गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाया जाए गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए। गौ हत्या पर सख्त कानून बनाया जाए देश की संपूर्ण तहसीलों में 27 अप्रैल को यह प्रार्थना पत्र सौंपे गए उसी के तहत धार में भी कलेक्ट्रेट गेट से तहसील कार्यालय तक रैली के रूप में गौ भक्तों द्वारा नारे लगाते हुए तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सोफे मातृशक्ति एवं गौ भक्तों ने प्रार्थना पत्र को अपने सिर पर रखकर इस पवित्र कार्य में अपनी सहभागिता करी प्रार्थना पत्र का वचन लक्ष्मी गौशाला समिति के अध्यक्ष नरेश राजपुरोहित ने किया एवं आभार समिति के सचिव राजेश हरोड़ द्वारा माना गया इस अवसर पर संत श्री गुणानंद जी महाराज संत प्रकाश पुरी जी संत गोपाल दास जी महंत नागा बाबा महंत हेमंत पुरी जी संत श्री मोहन दास जी साध्वी रामदास जी महाराज के साथ ही समिति के संरक्षक नरेश गंगवाल उपाध्यक्ष देवचंद बोडिया नंदराम टॉक भीम सिंह परमार सचिव राजेश हरोड़ स्वयं प्रकाश सोनी ब्रजकिशोर वोडा प्रताप भारतीय भास्कर राव सोनोने देवेंद्र रावल बाला भाई अनिल पुजारी भीम सिंह परमार पवन जैन गंगवाल रविंद्रकांत बोडिया राकेश राजपुरोहित गौरव देवड़ा कमल किशोर रवि मिराजवाल मातृशक्ति ममता जोशी अनीता बोसी डाली यादव प्रतिभा शर्मा दिव्या सरोज सोनी आशा गंगवाल के साथ ही मातृशक्ति उपस्थिति रहीं। जानकारी समिति के प्रताप बढ़तिया द्वारा दी गई।






# नर्मदा का जल पहुंचा माही उद्गम स्थल मिंडा

### शीघ्र होगा माही नदी में संगम ग्रामीणों में उत्साह का माहौल, किसानों में जागीउम्मीद की लहर

**सरदारपुर।** मां नर्मदा का पवित्र जल पाइपलाइन के द्वारा चंदनखेड़ी से नर्मदा माही परियोजना अंतर्गत मिंडा पहुंचा। सरपंच संघ अध्यक्ष मयाराम मेडा और ग्रामीणों ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर मां नर्मदा का स्वागत किया। नर्मदा का जल मिंडा पहुंचते ही क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस परियोजना का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को जाता है। अटल जी ने सड़क से सड़क और नदी से नदी को जोड़ने का सपना देखा था जो आज साकार होता दिखाई दे रहा है। नर्मदा का जल पाइपलाइन के द्वारा एक विशालकाय टंकी में पहुंचेगा। जहां से पाइप लाईनो के द्वारा किसान के खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। साथ ही गांव के दो तालाबों में छोड़ कर माही नदी में संगम कराया जाएगा जिससे सरदारपुर क्षेत्र के किसानों में खुशहाली आएगी। इस परियोजना की नीवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रखी थी।

## कृषि व्यापारियों ने रखी सांकेतिक हड़ताल, पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



**धार।** एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आव्हान पर अखिल भारतीय एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल और बंद के लिए सभी कृषि आदान व्यापारी बंधु द्वारा सोमवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। साथ ही सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम धार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसे कलेक्टर की ओर से नायब तहसीलदार ने स्वीकार किया। केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर को भी ज्ञापन दिया गया। इसमें एसोसिएशन के धार शहर अध्यक्ष रमेश जोशी, सचिव टिकेश लववंशी, घनश्याम मेरवानी और धार शहर के व्यापारियों के साथ तहसील के केसूर, सादलपूर, लेबड, घाटाबिल्लोद, दिग्ठान, बगडी आदि से सभी व्यापारी सम्मिलित हुए।

## धरमपुरी विधानसभा में पंचायत को 46 टैंकरों का वितरण

### ग्रामीण को जलसंकट से मिलेगी राहत

### अंचल में खुशी की लहर गर्मी में राहत की पहल

**मांडू। धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र में भीषण गर्मी और शादी-ब्याह के सीजन को ध्यान में रखते हुए विधायक कालू सिंह ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक निधि से 46 पंचायतों को पानी के टैंकर वितरित किए। इस कदम से क्षेत्र में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।**

इस अवसर पर विधायक के साथ उनके प्रतिनिधि डॉ महेश यादव, निलेश माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष संतोष राठौर, मंडल अध्यक्ष करण काहिर, धन सिंह डोडवे सहित सभी ग्रामों के सरपंच, भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कालू सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष गर्मी के प्रचंड तेवर को देखते हुए क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी जरूरत के अनुसार राहत कार्य जारी रहेंगे और किसी को भी पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

विधायक ने बताया कि टैंकरों का वितरण क्रमबद्ध तरीके से सभी पंचायतों तक किया जाएगा, ताकि हर गांव को समान रूप से लाभ मिल सके। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी।

## बीएसएनएल की खुदाई से पानी की लाइनें फूटीं, गांवों में जलसंकट

**सरदारपुर।** तहसील के कई ग्राम पंचायत में बीएसएनएल की लाइन डल रही है। निर्माण एजेंसी द्वारा रोड के आसपास ग्राम पंचायत में खुदाई करने से निजी और शासकीय पाइपलाइन फोड़ दी गई है, जिससे वापस ठीक करना उचित नहीं समझ रहे हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी अनुसार निर्माण एजेंसी ने जहां कार्य किया वहीं छोड़ दिया है। खुदाई के कारण ग्राम पंचायत की शासकीय लाइन भी फोड़ दी गई है जो ठीक नहीं की गई है। ग्राम पंचायत में इस समय शादी के विशेष माहौल चल रहे हैं जिसमें पानी की जरूरत पल-पल लग रही है। लापरवाही के कारण एक माह से भी अधिक समय से लाइन को ठीक नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। अधिक गर्मी के कारण पानी के लिए चारों ओर तबाही मची हुई है न कोई सुनने वाला है ना देखने वाला है।

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत लड़गांव में भी बीएसएनएल की लाइन डाली जा रही है जो ग्राम पंचायत की पाइपलाइन को फोड़ दिया है, जिसे सुधारने के लिए न तो बीएसएनल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सुधार हैं न ग्राम पंचायत में पाइपलाइन भी ग्राम पंचायत में जगह-जगह फोड़ी गई है। इससे पानी देने में दिक्कतें आ रही है। हम आपको बता दें यह एक ग्राम पंचायत का मामला नहीं है कई ग्राम पंचायत में तबाही मचा रखी है ना कोई सुनने वाला है ना देखने वाला है सत्ता और विपक्ष के नेता भी कुंभकरण की नींद सोए हुए हैं। वहीं ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की भी घोर लापरवाही है। इस तरह की भीषण गर्मी में जल न मिलाना घोर लापरवाही दर्शाता है। वहीं हर घर शादी का माहौल पानी की सबसे पहले जरूरत पड़ती है जो नहीं मिल रहा है। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत लेड गांव का भी है जहां एक माह से पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण सरपंच सचिव की भी लापरवाही दर्शा रही है।

> ग्राम में कोई भी कार्य करने से पहले ग्राम पंचायत से परमिशन ली जाती है जो खुदाई की गई है, वह भी ऐसी की ऐसी ही पड़ी है। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं रोड के साइड में खोदी हुई साइड भी नहीं भरी है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है जिम्मेदार कब जागेंगे अब देखना है। इतनी बड़ी लापरवाही जहां पानी के लिए एक दिन भी निकलना मुश्किल होता है वहां लोग एक माह कैसे निकाल रहे हैं।

## अबेकस प्रतियोगिता में बच्चों ने 10 मिनट में 200 प्रश्न हल कर दिखाई प्रतिभा

**धार।** जीनियस अबेकस की प्रतियोगिता बनिया वाड़ी के पोरवाल भवन में आयोजित की गई इस मेंटल अर्थमैटिक प्रतियोगिता में धार के 20 बच्चों में हिस्सा लिया।

मात्र 10 मिनट में 200 गणित की प्रश्नों को हल कर अपनी अद्भुत मानसिक क्षमता का प्रदर्शन किया बच्चे एक माह से इस चुनौती पूर्ण आयोजन की तैयारी कर रहे थे कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि अबेकस के अभयास से बच्चों में तेज गणना एकाग्रता आत्मविश्वास जेसे गुण विकसित होते हैं लेवल एक से आठ तक बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया शुभी मंगल ने सेवंथ लेवल से पृथम रही उन्होंने 100 सवालों को हल किया फोर्थ लेवल से ईशाना व सानवीजैन प्रथम व द्वितीय रैंक हासिल की मोहक जैन हनी राठौड़ ने 5छ्ह्द्ध लेवल से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया सेकंड लेवल से जैनल वाघेला प्रथम याशी देवड़ा ने द्वितीय रैंक प्राप्त की प्रथम लेवल में विहान देवड़ा ने प्रथम रैंक व अध्यांश जैन ने दित्तीय रैंक प्राप्त की अनिरुद्ध निगम मुदिल जैन देवांश सोनी वान्या देवड़ा प्रांजल आगम जैन ने मेरीट प्राप्त की।

## दो साल से बंद पड़ी एक रुपए में पानी की प्याऊ

**महू.** बस स्टैंड के सामने छावनी परिषद द्वारा स्थापित इलेक्ट्रॉनिक पानी की प्याऊ पिछले लगभग दो वर्षों से बंद पड़ी है. इस प्याऊ के माध्यम से मात्र एक रुपये में ठंडा पानी उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में यह पूरी तरह ठप है. इस परियोजना पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, बावजूद इसके आमजन को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है.

**एक नजर में** पानी की कमी का सामना कर रहे लोग या तो निजी टैंकरों से पानी खरीदकर या दूर-दूर से पानी लाकर गुजारा करने को हैं मजबूर

# गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में पानी की किल्लत भी हो रही विकराल



**इंदौर. बढ़ती गर्मी के साथ ही शहर भर में पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है. कई क्षेत्रों में लोग भारी जलसंकट का सामना कर रहे हैं. हालांकि, अधिकांश क्षेत्रों में नर्मदा लाइन है, इसके बावजूद पानी की सप्लाई नहीं हो रही. परिणामस्वरूप लोगों को या तो निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ रहा है या दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है.**

दरअसल, बढ़ती गर्मी अब सिर्फ तापमान तक सीमित नहीं रही, ये अब जल संकट में बदल रही है. शहर के प्रमुख जलस्रोतों का स्तर लगातार गिर रहा है, बोरिंग सूख रहे हैं और नर्मदा जल पर निर्भरता बढ़ती जा रही है, लेकिन नर्मदा का जल भी नाकाफी साबित हो रहा है. शहर के अन्य क्षेत्रों की तरह बम्बई बाजार क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 68 स्थित टाटपट्टी बाखल के रहवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं. यहां नर्मदा लाइन होने के बाद भी कई गलियों में पानी की किल्लत बनी हुई है. पाइप लाइन चोक होने से घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा, जिससे रहवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है. नियमित सप्लाई प्रभावित होने के कारण क्षेत्र के लोग बोरिंग के पानी पर निर्भर हैं. सरकारी बोरिंग से भी पूरे मोहल्ले की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही. ऐसे में लोगों को रोजमर्रा के उपयोग के लिए आसपास के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है. स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब क्षेत्र की बोरिंग खराब हो जाती है. ऐसे समय में लोगों के सामने पेयजल का भारी संकट खड़ा हो जाता है और घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता. क्षेत्रवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और नगर निगम में शिकायत की गई, लेकिन अब तक न लाइन की जांच हुई और न ही सुधार कार्य शुरू किया गया. रहवासियों ने चोक लाइन दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है.

### यह बोले रहवासी...



नर्मदा लाइन से कई वर्षों से हमें पानी नहीं मिला है, क्षेत्र की कई गलियों में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है. लोगों को इधर-उधर और दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है.
- मोहम्मद फैजान



पानी की लाइन चौक होने की कई बार शिकायत की गई, लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई है. शिकायत पर अमल करते हुए लाइन टेस्टिंग कर पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से करना चाहिए.
- मोहम्मद अमीन



गर्मी के कारण सरकारी बोरिंग में पानी कम हो जाता है, ऐसे में जब मोटर जल जाती है तो लोगों की मुसीबत बहुत ज्यादा बढ़ जाती है. नर्मदा लाइन का जल्दी सुधार करना चाहिए.
- रज्जू खान